**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**4 अप्रैल 2024, समय 1810**

- हरियाणा राज्य महिला आयोग ने फिल्म अभिनेत्री एवं मथुरा से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार हेमा मालिनी को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को नोटिस जारी किया।
- निर्वाचन आयोग ने लोकसभी चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए।
- कांग्रेस के राजसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने विश्वास जताया कि, कांग्रेस हाईकमान, रोहतक लोकसभा क्षेत्र से उन्हें ही चुनाव मैदान में उतारेगी।
- हाल ही में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए प्रसिद्ध मुक्केबाज विजेंद्र सिंह ने कहा है कि वो देश के विकास और लोगों की सेवा के लिए बी.जे.पी. में शामिल हुए हैं।
- हरियाणा के मौलिक शिक्षा निदेशालय ने मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत सहायता एवं अनुदान योजना के तहत कमजोर वर्ग के छात्रों को निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिलें के लिए दिशा निर्देश जारी किए।

..................................................................................

हरियाणा राज्य महिला आयोग ने आज फिल्म अभिनेत्री एवं मथुरा से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार हेमा मालिनी को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर उन्हें नोटिसजारी किया है।

आयोग की अध्यक्षता रेणु भाटिया ने बताया कि रणदीप सिंह सुरजेवाला को 9 अप्रैल को महिला आयोग के समक्ष पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि आयोग ने इस संबंधी मीडिया में आये समाचारें का स्वत: संज्ञान लेते हुए यह नोटिस जारी किया है। श्रीमती भाटिया ने कहा कि सुरजेवाला के इस बयान से महिलाओं के प्रति उनकी मानसिकता का पता चलता है।

..................................................................................

भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी को मानहानि का नोटिस भेजा है। आतिशी ने दावा किया था कि उनसे भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया था। भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आतिशी झूठ बोल रही हैं और उनका आरोप आधारहीन है। श्री सचदेवा ने कहा कि आतिशी को क्षमा मांगने के लिए समय दिया गया था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा गया है।

..................................................................................

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों के लिए दिशा-निर्देश जारी किये है। इस दिशा-निर्देश का चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक अनुपालन किया जाना अनिवार्य है।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि इन दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी दलों एवं चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थल जैसे कि मैदान और हेलीपैड आदि निष्पक्ष रूप से उपलब्ध करवाने होंगे। वहीं राजनीतिक दलों को अन्य राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों की आलोचन केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमितरखने को कहा गया है।

श्री अग्रवाल ने बताया कि उम्मीदवारों को प्रस्तावित बैठक या जनसभा की जानकारी स्थानीय पुलिस अधिकारियोंको देनी होगी और प्रस्तावित बैठक के समय और स्थान की समय रहते उचित ढंग से आवश्यक अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू है तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना जरूरी है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रचार के लिए लाउड स्पीकर के प्रयोग और जुलूस निकालने की पूर्व अनुमति प्राप्त करनी जरूरी होगी तथा राजनीतिक दल यह भी सुनिश्चित करेगा कि जुलूस यातायात को बाधित न करें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन अधिकारियों से सहयोग करने को कहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को जारी अनौपचारिक पहचान पर्ची सादे कागज पर होनी चाहिए और उस पर किसी पार्टी का नाम, निशान या उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए।

उन्होंने उम्मीदवारों से प्रचार अभियान के दौरान और मतदान के दिन वाहनों की आवाजाही को लेकर लगाये गए प्रतिबंधों का पालन करने को भी कहा है।

..........................................................................................

कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उन्हें बीजेपी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में पार्टी में शामिल किया गया। इस मौके पर बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा भी बीजेपी में शामिल हुए।

..........................................................................................

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई।

12 अन्य नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसदों ने भी शपथ ली। इनमें भारतीय जनता पार्टी के आर.पी.एन. सिंह, जनता दल (यूनाइटेड) के संजय कुमार झा और कांग्रेस के अजय माकन शामिल हैं।

..........................................................................................

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने लोकसभा चुनाव में हरियाणा में पार्टी उम्मीदवारों की जीत का दावा करते हुए कहा है कि पार्टी सही समय पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।

आज रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जनता को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के प्रति नाराजगी है।

एक सवाल के जवाब में दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस हाईकमान रोहतक लोकसभा क्षेत्र से उन्हीं को टिकट देगी। उन्होंने कहा कि रोहतक के मौजूदा सांसद व बीजेपी के उम्मीदवार अरविंद शर्मा के प्रति लोगों में नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सांसद ने अपनी सांसद निधि का पैसा भी खर्च नहीं किया। इसके अलावा दीपेंद्र हुड्डा ने लोकसभा चुनाव के लिए टिकट मिलने की स्थिति में राज्यसभा से इस्तीफा देने से इंकार किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कई राज्यसभा सदस्य , लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन किसी ने भी इस्तीफा नहीं दिया है।

..........................................................................................

प्रसिद्ध मुक्केबाज विजेंद्र सिंह कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

ओलंपियन विजेंद्र सिंह ने लोकसभा चुनाव से पहले नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय पर पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।

विजेंद्र सिंह ने बीजेपी में शामिल होने को घर वापसी की संज्ञा देते हुए कहा कि वे देश के विकास और लोगों की सेवा के लिए भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी में आया हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में खिलाड़ियों का मान सम्मान बढ़ा है और विदेशों में आना जाना आसान हो गया है। हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया है कि विजेंद्र सिंह द्वारा गत दिनों सोशल मीडिया द्वारा डाली जा रही पोस्ट से अनुमान लगाया जा रहा था कि वो कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं। उनको लेकर यह चर्चा भी थी कि कांग्रेस विजेंद्र सिंह को मथुरा से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार एवं सांसद हेमा मालिनी के सामने चुनाव मैदान में उतार सकती है।

.............................................................................................

हरियाणा के मौलिक शिक्षा निदेशालय ने ''मुख्यमंत्री हरियाणा समान, शिक्षा, राहत सहायता एवं अनुदान योजना'' (चिराग) के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे आर्थिक रूप ये कमजोर वर्ग के छात्रों को सहमति प्राप्त, निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिले के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इसके तहत कमजोर वर्ग के उन विद्यार्थियों को इन स्कूलों में चौथी से 12वीं तक दाखिला मिलेगा जिनके अभिभावकों की परिवार पहचान पत्र के अनुसार वार्षिक सत्याप्रित आय एक लाख 80 हज़ार रूपये या उससे कम है। मौलिक शिक्षा निदेशालय ने विद्यालय अनुसार घोषित की गई रिक्त सीटों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर डाल दिया है।

.............................................................................................

आज सुबह मुख्यमंत्री उड़नदस्ते व वन विभाग की टीम ने भिवानी जिला के कस्बा तोशाम में जुई मार्ग पर छापा मार कर हरी लकडिय़ों से भरी 12 ट्रैक्टर व गाडिय़ों को काबू किया। टीम द्वारा सात गाडिय़ों पर तीन लाख 64 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया जबकि पांच गाड़ियों के मालिक गाड़ियां छोड़कर मौके से भाग गए।
मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के उपनिरीक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि काफी दिनों से लकड़ी की अवैध आपूर्ति के बारे में जानकारी मिल रही थी, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए इन 12 वाहनों को जब्त किया गया है। पकड़े गए वाहनों के मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

.............................................................................................

भिवानी ज़िले की डेरा सच्चा सौदा की नेत्रदान समिति ने वर्ष 2008 से लेकर 2024 तक 79 नेत्रदान करवाने का रिकॉर्ड बनाया है। नेत्रदान में भिवानी नेत्रदान समिति को देश भर में तीसरा स्थान मिला है। नेत्रदान समिति के पदाधिकरियों मनीष इन्सां, पंकज इन्सां व मनोज इन्सां ने बताया कि वे दुनिया से अंधता के अभिशाप को मिटाने में योगदान देने के लिए लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

.............................................................................................

पलवल जिले में हथीन के गांव मलाई के निकट पैट्रोल पम्प के सामने आज एक तेज रफ्तार कार ने 18 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक मौत की हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान  गांव मलाई निवासी मोहम्मद अबरार के तौर पर हुई है। दुर्घटना के समय वह गेहूं की कटाई कर अपने घर लौट रहा था। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

वहीं एक अन्य सडक़ दुर्घटना में गांव कौराली निवासी 52 वर्षीय राकेश कुमार की मौत हो गई। राकेश कुमार का शव भी पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

.................................................................................